381

पत्रांक.....861............../R.O. Sig.

संचिका सं०-W-R-38-2006/R.O. Sig. Part File-I

बिहार पुलिस मुख्यालय

(संचार प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस उप-महानिरीक्षक
(वितंतु एवं तकनीकी सेवायें),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 01/09/2021

विषयः- लेखन सामग्री कय हेतु निविदा सूचना संख्या-01/2021-22 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय में लेखन-सामग्री कय हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2021-22 की प्रतियाँ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः- यथोपरि।

विश्वासभाजन,

10/8/2021

पुलिस उप-महानिरीक्षक
(वितंतु एवं तकनीकी सेवायें)
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः-1. पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाय।

2. आई०टी० मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचनार्थ की सी०डी० निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ कृपया।

10/8/2021

पुलिस उप-महानिरीक्षक
(वितंतु एवं तकनीकी सेवायें),
बिहार, पटना।

ब्रज माधुरी
16.06.2021

ज्ञापांक ............../R.O. Signal
संचिका सं0 BRK-38-2006/R.O. Sig. ...
बिहार पुलिस मुख्यालय,
(संचार प्रभाग)

निविदा आमंत्रण सूचना-01/2021-22

1. विभाग का नाम- पुलिस महानिदेशक का कार्यालय बिहार, पटना ।
2. विज्ञापन दाता का नाम- पुलिस अधीक्षक(बितन्तु) बिहार, पटना, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय ''ई0'' ब्लॉक, छठा तल्ला, कमरा नं0- 612, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवम् समय 22/09/2021 को 15.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवम् समय 22/09/2021 को 16.00 बजे
5. निविदा प्राप्ति का स्थान- पुलिस अधीक्षक(बितन्तु) बिहार, पटना का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय ''ई0'' ब्लॉक, छठा तल्ला, कमरा नं0- 612, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना ।
6. मद का ब्योरा-1. लेखन सामग्री से संबंधित सामान
2. कम्पयुटर में प्रयोग होने वाले सहायक उपकरण यथा डी0भी0डी0आर0, डब्लू (सोनी), पेन ड्राइव, ओ0टी0जी0, तथा लेजर जेट विभिन्न मॉडल के लिए टोनर कॉर्टिजेज इत्यादी के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है।

निवदि समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी कार्य दिवस को रक्षित कार्यालय, ''डी0'' ब्लॉक छठा तल्ला, कमरा- 602, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना निविदा आमंत्रण सूची प्राप्त किये जा सकते हैं।

## निविदा के नियम एवं शर्त

1. इस मद में निविदायें सिर्फ बिहार में स्थित इकाईयों/आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेता या राज्य के बाहर उत्पादनरत इकाईयों के स्थानीय कॉरपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/एजेन्ट/ प्राधिकृत डीलर/विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा ही दी जायेगी। सफल निविदाकर्त्ताओं को कयादेश से पहले जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र देना होगा।
2. निविदाकर्त्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम- 131 अ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा:-
(क) तकनिकी बोली, जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यक शर्तो एवं प्रतिबन्धों के साथ सभी तकनिकी ब्यौरा शामिल रहेंगे।?
(ख) वित्तीय बोली में तकनिकी बोली में शामिल की गयी इकाईयों का इकाईवार मूल्य दर्शाया जायेगा।
3. निविदा के तकनिकी बोली में निम्नलिखित अभिलेख अवश्यक संलग्न होने चाहिए:-
(क) आयकर के अद्यतन रिटर्न की छायाप्रति
(ख) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(ग) निविदाकर्त्ता फर्म का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

क्रमशः

1277

(घ) निविदा में जिन-जिन सामानों की दर वित्तीय बोली में दिये जा रहे हैं, उनके नाम निविदा के तकनिकी भाग में संलग्न करना आवश्यक है।

4. निविदा के वित्तीय भाग में, तकनिकी भाग में शामिल की गयी मद का इकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित करना होगा:-

(क) प्रस्तावित मद का मूल्य प्रति इकाई

(ख) देय जी0एस0टी0 कर

(ग) प्रति इकाई जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य अंकों एवं शब्दों साफ-साफ अंकित करना होगा। इसमे किसी प्रकार का ओभर राइटिंग या कटिंग मान्य नही होगा।

5. तकनिकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफार्फे में सीलबन्द होने चाहिये एवं उनपर तकनिकी भाग में वित्तीय भाग अंकित होना चाहिए। इन दोनों लिफाफों पर निविदाकर्त्ता फर्म का नाम एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफार्फे में डालकर एवं सीलबन्द कर इस पर निविदा में प्रकाशित निविदा सूचना की निविदा संख्या अंकित रहेगी। इस बड़े लिफाफे पर निविदाकर्त्ता अपने फर्म का नाम अंकित नहीं करेगा एवं फर्म का नाम बड़े लिफाफे पर अंकित करेगा तब उक्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा सीलबन्द लिफाफा में उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

6. कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सामानों की सूची में उल्लेखित ''कम्पनी'' के हीं सामान स्वीकार्य होंगे, अन्य कम्पनी का सामान स्वीकार्य नहीं होगा।

7. सूची में वर्णित सामानों का वित्तीय वर्ष-2021-22 के लिए दर एवं फर्म का निर्धारण किया जायेगा एवं जब-जब जिन सामनों की आवश्यकता होगी, तब-तब आवश्यक सामानों को अनुमोदित दर पर अनुमोदित फर्म से क्रय किया जायेगा।

8. निविदाकर्त्ता का दर अनुमोदित होने पर वित्तीय वर्ष-2021-22 के दौरान अनुमोदित फॉर्म को सामानों की आपूर्ति करना बाध्यता होगी, तथा निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि से 12 (बारह) महीनों तक मान्य होगी एवं इन 12 (बारह) महीनों में सामानों की दर में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं किया जायेगा।

9. सामानों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में लिया जायेगा। इसके लिए अलग से कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा और न हीं अग्रिम राशि का कोई प्रावधान रहेगा।

10. विपत्रों के भुगतान से सम्बन्धित कार्रवाई आपूर्तिकर्त्ता सामानों को स्वीकार करने के बाद ही प्रारंभ किया जायेगा।

11. निविदाकर्त्ता द्वारा समर्पित निविदा में दुकान का निबंधन होने का प्रमाण पत्र अवश्यक संलग्न करना होगा। भौतिक सत्यापन में यदि उक्त पते पर दुकान उपलब्ध नहीं होगा तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

12. पुलिस अधीक्षक (वितन्तु), बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना करण बताये एक या अधिक अथवा सभी निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकृत कर दें।

13. क्रय की राशि रूपये 49950/- (उनचास हजार नौ सौ पचास) रूपये से अधिक की नहीं होगी।

(signature) 2/12/21

पुलिस उप-महानिरीक्षक,
(वितंतु एवं तकनीकी सेवायें),
श्रवण बिहार,पटना।